दिन–गुरूवार   दिनांक– 22 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।   अवधिः– 05 मिनट

वक्फ (संशोधन) विधेयक दो हजार चौबीस पर विचार विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति जे.पी.सी की पहली बैठक आज नई दिल्ली में हो रही है। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल अध्यक्षता वाली जे.पी.सी में इकतीस सदस्य शामिल हैं। समिति सभी चौवालीस संशोधनों पर चर्चा करेगी और संसद के अगले सत्र तक एक बेहतर और व्यापक कानून लाएगी। बैठक से पहले मीडिया से बातचीत करते हुए श्री जगदंबिका पाल ने कहा कि वे विधेयक के प्रावधानों पर चर्चा में अल्पसंख्यक संगठनों के अधिक से अधिक लोगों को अवसर देंगे। गौरतलब है कि बजट सत्र के दौरान लोकसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक दो हजार चौबीस पेश किया गया था। सर्वानुमति नही बनने के कारण विधेयक को व्यापक विचार–विमर्श के लिए जे.पी.सी को सौंप दिया गया है।

——————————————————————

उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले के विरोध में आंदोलन कर रहे डॉक्टरों से काम पर लौटने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी. वाई. चन्द्रचूड ने आज इस मामले की सुनवाई करते हुए आंदोलनकारी चिकित्सको से आग्रह किया है कि वे सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को बहाल करने में सहयोग करे। इधर, मामले की जांच कर रही सी.बी.आई. और कोलकाता पुलिस ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष स्थिति रिपोर्ट दायर की है।

——————————————————————

राज्य सरकार से मिले आश्वासन के बाद प्रदेश के सरकारी अस्पतालों के जूनियर डॉक्टरों ने भी अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है। इसके साथ ही पीएमसीएच, एनएमसीएच, आईजीआईएमएस समेत राज्य के विभिन्न जिला अस्पतालों में ओपीडी सेवा

आज से बहाल हो गई है। इससे मरीजों और परिजनों को काफी राहत मिली है। पटना एम्स में कल ही ओपीडी सेवा शुरू हो गई थी।

————————————————————

राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने पद और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को अपना इस्तीफा भेज दिया है। श्याम रजक ने अपने पत्र में कहा है कि लगातार उपेक्षा से वे निराश थे। हालांकि आगे की रणनीति का उन्होंने खुलासा नही किया है।

————————————————————

परिवहन मंत्री शिला मंडल ने कहा है कि राज्य में व्यवसायिक गाड़ियों का निबंधन शूल्क कम किए जाने से वाहनों की बिक्री बढेगी और रोजगार के अवसर भी बढेंगे। श्रीमती मंडल ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि कैबिनेट के निबंधन शूल्क में कमी के फैसले से राज्य में वाहनों की निबंधन की प्रक्रिया आसान होगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से राजस्व में बढ़ोतरी की भी उम्मीद है।

————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून की गतिविधि सामान्य बनी हुई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, भागलपुर, मुंगेर समेत कई स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा हुई है। औरंगाबाद के कुटुंबा में सबसे अधिक एक सौ छब्बीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज पश्चिम चंपारण, किशनगंज, कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है।

————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि गया स्थित वेधशाला को बंद करने की कोई योजना नहीं है। विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्पष्ट किया है कि इस संबंध में प्रकाशित खबरें गलत, तथ्यहीन और भ्रामक है।

——————————————————————————

मधुबनी के जयनगर रेलवे स्टेशन यार्ड में शंटिंग के दौरान रेलगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गया। इस घटना में कोई हताहत नही हुआ है।

——————————————————————————

रोहतास जिले के सासाराम मंडल कारा में कैदियों को फायलेरियारोधी दवा खिलाई गई। सिविल सर्जन और कारा अधीक्षक ने दवा खिलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की।

——————————————————————————

समाप्त